–प्रेस नोट–
जनपद मुजफ्फरनगर
दिनांक 03.07.2024

➢ **थाना बुढाना पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–**

दिनांक 03.07.2024 को थाना बुढाना पर नियुक्त उ0नि0 श्री महेन्द्र सिंह मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 250/2024 धारा 363,368 भादवि में वांछित अभियुक्त राहुल पुत्र विक्रम निवासी भाज्जू भौरा थाना बाबरी जनपद शामलीको बायवाला चौराहे से गिरफ्तार किया गया।

➢ **थाना खालापार पुलिस की बदमाशों से हुई पुलिस मुठभेड के दौरान 03शातिर अंतर्राज्यीय चोर अभियुक्त घायल/गिरफ्तार–**

दिनांक 02.07.2024 को प्रभारी निरीक्षक महावीर सिंह चौहान थाना खालापार मय हमराहीगण द्वारा नकबजनी की 06 घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्तगण 1. मुर्शरफ पुत्र भूरा दुधिया निवासी चिडियापुर थाना किरतपुर जनपद बिजनौर, 2. अंसार खान पुत्र साबिर खान निवासी निचरौली थाना सिविल लाईन दतिया जनपद दतिया, मध्यप्रदेश व 3. नूर मौहम्मद पुत्र मौ0 उमर निवासी ग्राम बुरहानदीनपुर थाना कोतवाली नगर जनपद बिजनौर को दौराने पुलिस मुठभेड काली नदी पुल के पास से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से सफेद धातु के आभूषण लगभग 08 किलोग्राम, पीली धातू के आभूषण लगभग 650 ग्राम, 02 तमंचे मय 04 जिन्दा व 02 खोखा कारतूस 315 बोर, 01 तमंचा मय 02 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 12 बोर, 01 पल्सर मोटर साईकिल नम्बर यूपी 70 जी डब्लू 8583, 14,900/– रूप्ये, 01 उस्तरा, 01 तलवार व 06 मोबाईल फोन बरामद। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना खालापार पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 07/2024 धारा 109,317(5) बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया।

➢ **थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा 27 वर्षो से मफरूर/वारण्टी व 15 हजार रूप्य का इनामी अभियुक्त गिरफ्तार–**

दिनांक 02.07.2024 प्रभारी निरीक्षक श्री ओमप्रकाश सिंह थाना सिविल लाईन मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 1630/09/07 धारा 379,411 भादवि में मफरूर/वारण्टी अभियुक्तशहजाद पुत्र सईद निवासी नई आबादी साऊथ खालापार थाना खालापार जनपद मुजफ्फरनगर को जानसठ पुल के नीचे से गिरफ्तार किया गया।